तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री


हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 30 सितंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



सप्तमी पर देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ 4





बवासीर का आधुनिक इलाज

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा

गुप्ता हॉस्पिटल


डॉ. शुभम् गुप्ता

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें 7400009183


## नैला दुर्गा पंडाल में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, लाखों की तादाद में श्रद्धालु कर रहे माता रानी के दर्शन...







जांजगीर-चांपा। नैला के प्रसिद्ध दुर्गोत्सव में लाखों की तादाद में श्रद्धालु मातारानी के दर्शन करने पहुंच रहे है। परिसर के आसपास विशाल पंडाल लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। पंडाल में सोने चांदी, हीरा मोती से जड़ित मां दुर्गा की 35 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित लोगों का मन मोह रहा है। माता रानी के दर्शन करने के लिए बिलासपुर, रायपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर, सारंगढ़, बलौदा बाजार, दुर्ग, राजनांदगांव से भी लोग पहुंच रहे है। भीड़ को संभालने के पुलिस के साथ साथ स्थानीय लोगों की भी मदद ली जा रही है।

## खबर संक्षेप

### परियोजना पामगढ़ अंतर्गत भर्ती के लिए 22 अक्टूबर तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना पामगढ़ अंतर्गत 2 सहायिकाओं के पद पर भर्ती हेतु 22 अक्टूबर तक आवेदन आंमत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पामगढ़ ने बताया कि 22 अक्टूबर के बाद आवेदन कार्यालय में नही लिये जा सकेगे। आवेदन की विस्तृत जानकारी हेतु एकीकृत बाल विकास परियोजना पामगढ़ की सूचना पटल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पामगढ़ एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

### रजत जयंती महोत्सव पर पॉलीटेक्निक में एलुमनी मीट का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर रामकृष्ण राठौर शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर में एल्युमिनी मीट-2025 का आयोजन किया गया। प्राचार्य रामकृष्ण राठौर शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था के पूर्व छात्र जो देश के विभिन्न शहरों में प्रतिष्ठित उद्योगों में कार्यरत हैं उन्हें आमंत्रित किया गया था, कार्यक्रम में इस संस्था के 200 पूर्व विद्यार्थीगण शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने संस्था के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता गणित डॉ. गोपी साव के द्वारा किया गया।

### महिला से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सुनेपन का फायदा उठाकर महिला से छेड़खानी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। जानकारी के अनुसार एक महिला ने 25 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई वह शाम की करीबन 5 से 6 बजे घर पर अकेली थी, परिवार के अन्य सदस्य बाहर गए थे। इस दौरान आरोपी राजकुमार राठौर घर पर आया और प्रेम करने की बात कहते हुए घर के सुनेपन का फायदा उठाते हुए हाथ बाह को पकड़ कर छेड़खानी करने लगा। जब चिल्लाने लगी तो वहां से भाग निकला। मुलमुला थाने में अपराध दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की गई आरोपी की खोजबीन की गई तब नरियरा में होने पर पुलिस टीम पहुंची और घेरा बंदी कर हिरासत में लिया। जिसे पूछताछ करने पर छेड़खानी की जुर्म स्वीकार किया है। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## जिला मुख्यालय की मुख्य शाखा नहर में सुरक्षा पर नहीं किसी का ध्यान

# असुरक्षित नहर में आए दिन हो रहे हादसे, सो रहा जिम्मेदार विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अटल परिसर के पास नहर पुल।

जिला मुख्यालय जांजगीर में हसदेव बांगो मुख्य शाखा नहर में वाहनों के गिरने की घटनाएं आम हो चली है। आए दिन हो रहे हादसे के बाद भी जिम्मेदार जल संसाधन विभाग की कुंभकर्णीय निंद्रा नहीं टूटी। इसके अलावा पुलिस और प्रशासन का जिम्मेदार विभाग इसको लेकर भी गंभीर नजर नहीं आ रहा है, जबकि बीते डेढ़-दो साल के भीतर यहां आधा दर्जन घटनाएं हो चुकी है।

रविवार 28 सितंबर को नहरिया बाबा मंदिर मार्ग पर क्रेडा कार के अनियंत्रित होकर नहर में गिरने की घटना ने एक बार फिर से जल संसाधन विभाग की कार्यशैली के साथ प्रशासन की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर दिए है। इस घटना में शहर के केनाल सिटी में रहने वाले संजय शांडिल्य पटवारी का परिवार वहां मौजूद लोगों के साहस और सक्रियता से सकुशल बच गया। अन्यथा लबालब चल रहे नहर में गिरी कार में 6 लोग सवार थे। शुक्र है कि किसी को कोई चोटें नहीं आई, परंतु इस घटना ने जल संसाधन विभाग की कार्यशैली पर एक बार फिर से सवाल खड़े कर दिए है। प्रदेश की सबसे बड़ी नहरों लाइनों में से एक हसदेव बांगो नहर के रख रखाव के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। सरकारी खजाने से हर साल करोड़ों रुपए की राशि आकस्मिक निधि और मेंटनेंस के फंड में मिलती है। नियमानुसार इसका उपयोग मेंटनेंस के साथ सुरक्षा पर होना चाहिए। विगत वर्षो इसी कार्य को लेकर बड़ी राशि खर्च की गई थी और नहर के किनारे लोहे का खंभा लगाकर चैन फेसिंग जाली लगाई गई थी। वहीं पेण्ड्री रोड से नहरिया बाबा तक सेफ्टी वॉल बनाने का काम भी हुआ था। वर्तमान में नाम मात्र के लिए बनाई गई सेफ्टी वाल जगह जगह से टूट गई तो कई जगहों पर खंभा व तार जाली भी गायब है। इधर जिम्मेदार जल संसाधन विभाग को इससे सरोकार नहीं है। लिहाजा जिला मुख्यालय के व्यवस्तम मार्गो में से एक पेण्ड्री से लेकर नहर पुल होते नहरिया बाबा मार्ग पर वाहनों के नहर में गिरने की घटनाएं आए दिन होने लगी है। इसके पहले दिन इस नहर में ट्रैक्टर, कार चालक और अन्य बाइक चालकों के गिरने की आधा दर्जन घटनाएं हो चुकी है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन लबालब चल रहे नहर में वाहनों के गिरने की घटना ने जहां जल संसाधन विभाग की लापरवाही और उदासीनता को उजागर किया है। वहीं प्रशासन की संवेदनशीलता पर भी सवाल उठने लगे है।

**करेंगे बात**

असुरक्षित नहर पार में आए दिन हादसे हो रहे है। इस पर रोक लगाने उचित पहल होनी चाहिए। इस संबंध में जिला प्रशासन के साथ चर्चा करेंगे। नियमानुसार जल संसाधन विभाग को पहल करनी चाहिए।

-ब्यास कश्यप
विधायक, जांजगीर चांपा

# पीएम आवास की राशि में गड़बड़ी दो पंचायत सचिव निलंबित

## छग पंचायत अधिनियम 1998 के तहत की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता एवं 6 लाख 55 हजार रुपए की राशि गड़बड़ी करने के मामले में दो पंचायत सचिव पर निलंबन की गाज गिरी है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ पंचायत नियम 1998 के तहत की गई है।

ज्ञात हो कि जनपद पंचायत नवागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत कर्रा का निरीक्षण मंगलवार 23 सितम्बर को किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा एवं भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। मौके पर सचिव बुधराम कश्यप से कार्यो की प्रगति संबंधी जानकारी ली गई, किंतु उनका उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। इस पर जारी स्पष्टीकरण के जवाब को भी असंतोषजनक मानते हुए जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने इसके चलते सचिव बुधराम कश्यप को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार सचिव बुधराम कश्यप द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का समुचित निर्वहन नहीं किया गया है। उनका आचरण लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में पाया गया, जो छत्तीसगढ़ पंचायत (आचरण) नियम 1998 के विपरीत है। सचिव श्री बुधराम कश्यप को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत नवागढ़ रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।

इसी प्रकार बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम पंचायत लछनपुर में पदस्थ सचिव द्वारा ग्राम पंचायत के 13 कार्यो में लगभग 6 लाख 55 हजार रुपए 324 रुपए की राशि गड़बड़ी का मामला सामने आया था। इसके बाद बम्हनीडीह के मुख्य कार्यपालन यंत्री द्वारा जांच गठित की गई थी। टीम द्वारा पंचायत सचिव रमाशंकर से राशि अनियमितता मामले को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया था। जिसका संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सचिव को निलंबित करने की कार्रवाई की गई। ग्राम पंचायत लच्छनपुर के सचिव श्री अनियमितताओं के चलते निलंबित कर दिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बम्हनीडीह के द्वारा कई स्थलों पर कार्य नहीं पाए गए। इस पर सचिव से स्पष्टीकरण मांगा गया था, किंतु उनका जवाब संतोषजनक नहीं मिला। जांच में यह साबित हुआ कि सचिव ने अपने कर्तव्यों का सही निर्वहन नहीं किया और गंभीर लापरवाही बरती है। सचिव द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का समुचित निर्वहन नहीं किया गया है तथा उन्होंने वित्तीय अनियमितता की है। जिसके चलते वरिष्ठ अधिकारियों की अवहेलना की श्रेणी में आता है, जो छत्तीसगढ़ पंचायत (आचरण) नियम 1998 के विपरीत है। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने कार्रवाई करते हुए श्री कश्यप को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत बम्हनीडीह कार्यालय रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

# बिजली कर्मचारी के झुलसने के मामले में अब तक कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

■ जनपद सदस्य ने कलेक्टर से शिकायत कर रखी कार्रवाई की मांग

विद्युत मेंटनेंस कार्य के दौरान तीन कर्मचारी झुलस गए थे। घटना को हुए सप्ताह भर से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन इसके बावजूद दोषियों पर कार्रवाई का अब तक पता नहीं है। मामले की शिकायत कलेक्टर से करते हुए इस पर कार्रवाई की मांग की गई है।

गौरतलब है कि रविवार 21 सितंबर को हसौद के शासकीय महाविद्यालय के समीप बिजली मरम्मत और मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा था। कार्यरत ठेका कर्मचारियों ने बिजली विभाग से विधिवत अनुमति लेकर लाइन को बंद कर मरम्मत शुरू की थी। इसी दौरान अचानक बिजली आपूर्ति पुनः चालू कर दी गई, जिससे तीन ठेका कर्मी करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज रायगढ़ के एक निजी अस्पताल में जारी है। जनपद सदस्य विजय केशी ने इस संबंध में कलेक्टर से मुलाकात कर आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अधिकारी इस मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। घटना के एक सप्ताह बाद भी विभाग की ओर से न तो किसी कर्मचारी को निलंबित किया गया है और न ही कोई आधिकारिक बयान सामने आया है। जनपद सदस्य ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को चिन्हित किया जाए और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

# विधायक के खिलाफ बसपा का प्रदर्शन वायरल आडियो मामले में जांच की मांग

**पामगढ़।** विधायक के वायरल आडियो मामले में जांच की मांग को लेकर बसपा ने प्रदर्शन किया। इस बीच एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

बहुजन समाज पार्टी ने पामगढ़ में कांग्रेस विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश के द्वारा रेत माफिया लोगों के साथ मिल कर रुपए की अवैध लेनदेन सहित विभिन्न मुद्दों के विरोध को लेकर सोमवार 29 सितंबर को सतनाम भवन पामगढ़ से पैदल रैली निकलकर अनुविभागीय अधिकारी पामगढ़ को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें विधायक स्वयं को 5 लाख, कलेक्टर को 2 लाख, एसडीएम को 2 लाख रुपए एवं राघवेन्द्र को 1 लाख प्रतिमाह देने की बात हो रहा है। इस दौरान पामगढ़ के पूर्व विधायक श्रीमती इंदु बंजारे, नगर पंचायत अध्यक्ष गौरी छोटू जांगड़े, बसपा जिला अध्यक्ष कमला प्रसाद खूंटे सहित बसपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।


स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत्

फ्री मेगा हेल्थ कैम्प एवं निःशुल्क आयुष्मान व वंदना कार्ड पंजीयन शिविर

दिनांक-30.09.2025 मंगलवार

समय - सुबह 10 से दोप. 1 बजे तक

स्थान- श्री कृष्णा हॉस्पिटल गौरव पथ, चांपा


## कलेक्टर के आदेश के बाद भी नहीं बन पा रही व्यवस्था

# बिना राशन पाए लौटे हितग्राही, दो दिनों से लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



राशन सामग्री लेने पहुंचे हितग्राही।

बिना राशन पाए ही हितग्राही उल्टे पांव लौट रहे है। इस तरह की समस्या कुछ दिनों से बनी हुई है। खास बात यह है कि इस समस्या को लेकर ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को अवगत कराया जा चुका है फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

ज्ञात हो कि बहेराडीह के ग्रामीणों की खाद, राशन और धान खरीदी केंद्र की समस्या को कलेक्टर ने तत्काल समाधान करने सम्बंधित विभाग के अधिकारियो को टीएल की बैठक में निर्देशित किया। जिसका परिपालन करते हुए केंद्रीय सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी ने बहेराडीह गाँव 260 बोरी यूरिया भेजा और किसानों को वितरण किया। धान खरीदी केंद्र सिवनी यथावत रखने की मांग पर आगे की विभागीय कार्यवाही किया गया। कलेक्टर के आदेश का पालन खाद्य विभाग ने नहीं किया। इससे नाराज बहेराडीह के ग्रामीण एक बार फिर राशन वितरण केंद्र गांव में ही खोलने की मांग को लेकर कलेक्टर दफ्तर जाने का निर्णय लिया है। राशन के लिए पंचायत मुख्यालय जाटा पहुंचे ग्रामीणों को सर्वर डाउन की समस्या बताते हुए वापस लौटाया गया और दूसरे दिन भी राशन के लिये ग्रामीण सुबह से शाम तक परेशान होते रहे। करीब माहभर पूर्व ही बहेराडीह के कृषक मित्र दीनदयाल यादव ने किसानों की खाद, बीज, धान खरीदी केंद्र और राशन वितरण की समस्या को लेकर कलेक्टर जन्मेजय महोबे से मुलाक़ात कर लिखित रूप में ज्ञापन सौपा था और प्रदेश की मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अवगत कराया था। जिसे कलेक्टर ने केंद्रीय सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी अमित साहू को निर्देशित किया। जिसका पालन करते हुए त्वरित 260 बोरी यूरिया बहेराडीह भेजकर वितरण कराया गया और धान खरीदी केंद्र कोसमंदा से हटाकर सिवनी यथावत करने की विभागीय कार्यवाही पूरी किया गया। सालों से यहाँ पर शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन पंचायत कर रहीं है। जहां पर कई क्विंटल चावल की हेराफेरी की शिकायत पर जाँच किया गया है। जिसमें शिकायत भी सही पाई गईं। उसके बाद भी दोषियों के खिलाफ पुलिस में प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है।

**भेजा गया है प्रस्ताव**

अगले माह से बहेराडीह का राशन गांव में ही वितरण किया जायेगा और उच्चधिकारियो के निर्देश का पालन करते हुए बहेराडीह में अलग से राशन दुकान खोले जाने का प्रस्ताव भेजा गया है,

-जमुना सिंह नेताम,
सचिव, ग्राम पंचायत जाटा


AGRASEN COLLEGE

Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India

Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg

B.ED. COURSE

COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316

सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)

Mob. 90982 11113

CAMPUSE VIEW

## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत देवरघटा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**तनौद।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय मारुति धाम देव घाट देवरघटा मंदिर में स्वच्छता शिविर प्राथमिक शाला परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यार्थियों एवं स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राहौद के प्रभारी दिनेश दिनकर के सहयोग से उनकी टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, वजन एवं हीमोग्लोबिन सहित अन्य रक्त संबंधी जांच की गई। शिविर के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने तथा समय-समय पर जांच कराने के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े शिवेंद्र प्रताप सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष कोडाभाट खरौद प्रमिला अजय साहू जिला पंचायत सदस्य गुलाब सिंह पुर्व जिला अध्यक्ष भाजपा उत्तम सोनी, सनत साहू, सम्मेलाल बसंत यादव सुखनंदन देवांगन अशोक देवांगन सुनिल खुटें रामहरि साहू धरम सिदार प्रखर यादव दिलीप दुबे नारायण केवट बुधारू केवट राजकुमार साहू गणेशरम साहू पुष्पेंद्र सिंह सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर सामुदायिक भवन में कार्यक्रम कल

**सक्ती।** समाज कल्याण विभाग जिला सक्ती के तत्वाधान में 1 अक्टूबर बुधवार को सुबह 11 बजे सामुदायिक भवन शक्ति में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के मुख्य अतिथि में कार्यक्रम संपन्न होगा। इस कार्यक्रम की व्यापक तैयारी जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक सुनील मिश्रा तैयारी कर रहे हैं। कार्यक्रम की सफलता के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला इकाई शक्ति के प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी, जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज, संरक्षक खगेश कुमार पटेल, विजय बहादुर सिंह, राधेश्याम साहू, विकास चौबे एवं पेंशनर्स फोरम के जिला संयोजक तुलसीराम राठौड़ एवं उनके टीम के साथी क्षेत्र के सभी वरिष्ठ नागरिक एवं सभी पेंशनर्स साथियों से व्यापक संपर्क करके उपस्थिति के लिए अपील कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में संगठन भावना से ऊपर उठकर सभी वरिष्ठ जन एवं पेंशनर्स साथियों से संपर्क कर व्यापक तैयारी किया जा रहा है।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ. राधाकृष्णन रत्न सम्मान से धनसाय हुए सम्मानित




**चांपा।** शासकीय प्राथमिक शाला उच्चभिट्ठी (चाम्पा) से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए धनसाय साहू को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन रत्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी बलौदा रवि गौतम, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी ललित कुमार जाटवर, श्रीमती पुष्प लता कोरी, सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रविन्द्र राठौर, हरीश गोपाल यादव, रामस्वरूप साहू एवं बलौदा विकास खंड के सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।

### सीताराम फार्मेसी कॉलेज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर विविध प्रतियोगिता



**राहौद।** नगर के सीताराम कश्यप कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी महाविद्यालय में 25 सितंबर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता एवं केक काटकर संस्था के निदेशक दीपक कश्यप ने किया। संस्था के संस्थापक प्रकाश कश्यप ने झंडा दिखाकर रैली का आगाज किया। फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डॉ मनमोहन सिंह ने दुनिया भर के फार्मासिस्टों को उनके दैनिक महान कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए फार्मासिस्टों को सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा और रोगी परिणामों में सुधार करने में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला और कहा कि फार्मासिस्ट हमारे स्वास्थ्य तंत्र के रीढ़ हैं। 'स्वास्थ्य के बारे में सोचें, फार्मासिस्ट के बारे में सोचें' थीम हमें याद दिलाती है कि गुणवत्तापूर्ण दवाओं और रोगी-केंद्रित देखभाल के बिना कोई स्वास्थ्य प्रणाली पूर्ण नहीं हो सकती। हम सरकार के प्रयासों से फार्मासिस्टों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। तत्पश्चात छात्रों के द्वारा रैली निकालकर अंचल के मेडिकल शॉप में फार्मासिस्ट को गुलाब का फूल देकर उनको बधाई दिए। यह कार्यक्रम दो दिवसीय था, जिसमें पहला दिवस रेली, क्विज और दूसरा दिन रंगोली ,पोस्टर , मॉडल का प्रतियोगिता रखा गया, जिसमें सभी छात्राएं ने बढ़ चढ़कर का प्रयोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के समापन में कॉलेज के उप-प्राचार्य गौरव वर्मा ने कहा कि इस दिन का उद्देश्य फार्मासिस्टों के योगदान को उजागर करना और उन्हें प्रोत्साहित करना है ताकि वे वैश्विक स्वास्थ्य लक्ष्यों को प्राप्त करने में और अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकें। इसके पश्चात आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने सभी को धन्यवाद दिया।

---


चांपा गोलीकांड व अहमदाबाद एक्सप्रेस दुर्घटना जैसी त्रासदियां हुई है घटित

# शहरवासियों के लिए पीड़ादायक त्रासदीपूर्ण रहा है सितंबर माह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगरवासियों के लिए वर्तमान में चल रहा सितम्बर माह अनेक मायनों में त्रासदीपूर्ण होने से पीड़ादायक रहा है। इस माह चांपा का गोलीकांड और हसदेव नदी पर अहमदाबाद एक्सप्रेस दुर्घटना के अलावा अनेक त्रासदियां घटित हुई है।

वर्तमान में चल रहा सितम्बर माह यूं तो गणेश चतुर्थी के अलावा पितृ पक्ष होने के कारण जाना जाता है, लेकिन नगरवासियों के लिए इस माह को भूल पाना अत्यंत कठिन है। शहर में आज से 42 वर्ष पूर्व 23 सितम्बर 1983 को पानी एवं बिजली की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही निहत्थे और शांतिपूर्ण नागरिकों की भीड़ पर पुलिस द्वारा किये गए गोलीचालन में शहर के एक छात्र राजकरण दुग्गड़ की शहादत हो गयी थी। इसके अलावा दो अन्य युवाओं को अपने एक-एक पैर गंवाने पड़े थे। इसके अतिरिक्त 28 वर्ष पूर्व 14 सितम्बर 1997 को हसदेव नदी पर बने रेलवे ब्रिज पर अहमदाबाद से हावड़ा एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जिले के इतिहास में घटित अब तक की सबसे बड़ी इस रेल दुर्घटना में करीब 150 से भी ज्यादा रेल यात्री असमय काल कवलित हुए थे। तब नगर के लोगों सहित विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा किये गये राहत और बचाव कार्य की सराहना पूरे देश में हुई थी। इसके अलावा इस माह में ही शहर के एक युवा द्वारा प्रेम प्रसंग के चलते हसदेव एनीकट के पास आत्महत्या कर ली गई थी। इसके अतिरिक्त एक अन्य युवा को आंत्रशोथ के कारण जान देनी पड़ी थी। कुल मिलाकर उपरोक्त कारणों से सितम्बर माह नगरवासियों के लिए त्रासदीपूर्ण और पीड़ादायक साबित हुआ है। यह माह अब चलाचली की बेला में है और अब तक कोई दुर्घटना नहीं हुई है ऐसे में इस बार नगरवासी राहत की सांस ले सकते है।



हसदेव नदी में अहमदाबाद एक्सप्रेस दुर्घटना का एक दृश्य।

### सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शिवरीनारायण।** फेसबुक व सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लील वीडियो मोबाईल से प्रसारित करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विक्की सूर्यवंशी उम्र 28 साल निवासी भदौरा थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर के द्वारा फेसबुक सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लील विडियो अपलोड किया गया था। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा सूचना प्रौद्योगिक अधिनियम 2000 की धारा 67 (बी) आईटी एक्ट 15(1)(2) पाक्सो एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर उसे भेजा गया। सायबर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया साईट्स में ऑटोमेटेड साफ्टवेयर से नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया साईट्स में किया गया पोस्ट मैसेज व्यक्तिगत नहीं होता है, जो पोस्ट या मैसेज आप साझा करते है, वो एक से अनेक लोगो को प्रसारित होता जाता है। किसी भी मैसेज या फोटो विडियों को फारवर्ड करने से पूर्व उसकी सत्यता की जांच कर ले, सत्यता से अंजान होने पर उसे फारवर्ड न करें। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी शिवरीनारायण का सराहनीय योगदान रहा।

## जगह-जगह विराजी मां दुर्गा



शिवशक्ति दुर्गा उत्सव समिति सपिया



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति सपिया




सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड फगुरम



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सपिया




महावीर दुर्गा उत्सव समिति नकटीपारा सपिया



श्री सद्भावना दुर्गा उत्सव समिति बंधाईपारा सीपिया



नवदुर्गा उत्सव समिति मंडोली चौक सीपियां



लक्ष्मीनारायण मंदिर चौक सपिया



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति गतुवापारा सपिया



सर्वमंगला दुर्गा उत्सव समिति राम जानकीमंदिर सीपियां



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति बाजार पारा तालदेवरी

## नम आंखों से दी गई सेना के जवान को अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ केरा

भारतीय सेना में लांस नायक के पद पर पदस्थ केरा गांव के लाल दुर्गेश कुमार साहू की हार्ट अटैक से देहावसान हो गया। उनका पार्थिव शरीर सोमवार 29 सितंबर को गृहग्राम केरा पहुंचा, जहां सेना के अफसरों के साथ प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।



नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम केरा निवासी दुर्गेश कुमार साहू पिता लक्ष्मण साहू इंडियन आर्मी में लांस नायक के पद पदस्थ रहे। उनकी पोस्टिंग जलांधर पंजाब और श्रीनगर जम्मू कश्मीर में रही। विगत दिवस स्वास्थ्यगत कारणों से उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि उन्हें हार्ट अटैक आया था। तिरंगे में लिपटा सेना के जवान दुर्गेश साहू का पार्थिव शरीर गृहा ग्राम केरा पहुंचा, जहां सोमवार 29 सितंबर को सेना के अधिकारियों की उपस्थिति में जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अंतिम विदाई दी गई। उनका ससम्मान अंतिम संस्कार किया गया।



## मुक्तिधाम के पास 11 जुआरी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम तालदेवरी के मुक्तिधाम के पास जुआ खेल रहे 11 जुआड़ियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से नगदी 41 हजार 700 रूपये नगदी एवं तास पत्ती बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जुआ सट्टा पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार के नेतृत्व में थाना बिर्रा पुलिस द्वारा 27 सितंबर को मुखबीर की सूचना पर ग्राम तालदेवरी मुक्तीधाम के पास घेराबंदी कर रेड की कार्यवाही की। इस दौरान जुआ खेल रहे 11 जुआरियों को पकड़ा। पकड़े गए जुआरियों में संपत लाल पिता लीलु राम बर्मन उम्र 33 वर्ष ग्राम सेंदरी थाना जैजैपुर, बाबूलाल खुंटे पिता स्व. भागवत खुंटे उम्र 55 वर्ष ग्राम तालदेवरी, धनाराम पिता हीरालाल उम्र 35 वर्ष ग्राम बोरसी, संदीप साहू उर्फ सडवा पिता स्व. मोहित राम उम्र 45 वर्ष ग्राम तालदेवरी, गुलशन कुमार साण्डे पिता नेहरू लाल साण्डे उम्र 27 वर्ष ग्राम सेंदरी, सतपाल बघेल पिता छेदीलाल उम्र 33 वर्ष ग्राम मुक्ता, शत्रुहन कश्यप पिता गेंदराम उम्र 30 वर्ष ग्राम सोनादह, लोकनाथ खुंटे पिता प्रेमलाल खुंटे उम्र 29 वर्ष ग्राम सोनादह, कृष्णा मनहर पिता जमुना प्रसाद मनहर उम्र 27 वर्ष ग्राम सोनादह, दुर्गेश साण्डे पिता खीकराम साण्डे उम्र 20 वर्ष ग्राम तालदेवरी एवं दिनेश कुमार महंत पिता नारायण दास महंत उम्र 42 वर्ष ग्राम बंसूला शामिल है।



## भक्ति गीतों पर महिलाओं एवं बच्चियों ने प्रस्तुत किया गरबा




रास गरबा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

मेरी युवा बहनों संगठन समाज बलौदा के द्वारा रास गरबा डांडिया का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों पर नगर की महिला एवं बच्चियों ने गरबा प्रस्तुत की।

नगर के नवल भवन प्रांगण में शुक्रवार की शाम गरबा डांडिया महोत्सव का आयोजन हुआ। यह आयोजन कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती सोना सोनी तथा संगठन के सदस्यों की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सत्यनारायण सोनी अध्यक्ष स्वर्णकार समाज बलौदा, सुरेंद्र सोनी सचिव सराफा एसोसिएशन बलौदा, श्रीमती आशा सोनी, राजीव श्रीवास्तव टीआई थाना बलौदा, नृत्यांगना रोमा कटक्वार द्वारा मां दुर्गा के तेल चित्र पूजन अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही अतिथियों का तिलक और पुष्प गुच्छ से संगठन बहनों के द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा के जीवंत नव रूप की आरती उतार कर हुई। इस गरबा डांडिया को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु नवल भवन पहुंचे। एक से बढ़कर एक मनमोहक गरबा और डांडिया की प्रस्तुति हुई। मेरी युवा बहनों संगठन के सदस्यों ने इस नवरात्र के अवसर पर गरबा प्रांगण में भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं के इस महोत्सव में बच्चों एवं महिलाओं को गरबा डांडिया सीखने का प्रशिक्षण कोरियोग्राफर रोमा कटक्वार के कुशल निर्देशन में बच्चे और इच्छुक महिला सदस्यों ने सफलतापूर्वक प्राप्त किया। कार्यक्रम संचालन एवं आभार प्रदर्शन संगठन सदस्य श्रीमती रेवती सोनी ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में संगठन सदस्य श्रीमती भगवती सोनी, रामेश्वरी, राधा, लुभावनी, रानी, संगीता, रुचि, रश्मि ,नम्रता ज्योति राजेश्वरी उपस्थित रहे।

### संकुल स्तरीय सेवानिवृत शिक्षकों का विदाई एवं सम्मान समारोह

**बलौदा।** संकुल केंद्र बालक बलौदा एवं संकुल केंद्र कन्या बलौदा के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाजार पारा बलौदा में संकुल के सेवानिवृत शिक्षकों का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कन्या बुधवारी बलौदा के प्रधान पाठक एम. रसमेल एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाजार पारा बलौदा के प्रधान पाठक रामकुमार साहू तथा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बलौदा के प्राचार्य पी आर साहू को भावभीनी विदाई दी गई। मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी रवि गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि "शिक्षक वास्तव में कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, वे जहां भी रहते हैं, अपनी शिक्षकीय गरिमा से समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम का संचालन मनोहर यादव एवं स्वागत भाषण दिलीप लहरे और आभार प्रदर्शन अजय सोनी द्वारा किया गया।



## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर डीबीएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विशेष आयोजन

# दवाओं की उपलब्धता के साथ सुरक्षित उपयोग करने सही मार्गदर्शन देते हैं फार्मासिस्ट : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

डीबीएम कॉलेज ऑफ देवरहा पिथमपुर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस वर्ष का थीम (सोचिए स्वास्थ्य, सोचिए फार्मासिस्ट) रहा, जिसे पूरे कार्यक्रम का मुख्य संदेश बनाया गया।

मुख्य अतिथि इंजीनियर रवि पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा किसी भी दिवस का आयोजन महज एक औपचारिक अवसर नहीं होनी चाहिए यह चिंतन और संकल्प का अवसर होनी चाहिए। उन्होने आगे कहा कि जब भी हम स्वास्थ्य की बात करते हैं, तब फार्मासिस्ट की भूमिका सबसे अहम साबित होती है। वे दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ सुरक्षित उपयोग और समाज को सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन स्वामी कलिस्वर नाथ पब्लिक ट्रस्ट, देवरहा पिथमपुर के संरक्षण में हुआ। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार राठौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि फार्मासिस्ट मानवता की सेवा के सच्चे वाहक हैं और विद्यार्थियों को इस गौरवशाली पेशे की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। सचिव श्रीमती ममता राठौर तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यार्थियों ने भाषण, पोस्टर प्रेजेंटेशन, रंगोली प्रतियोगिता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से थीम को जीवंत किया और फार्मेसी दिवस की महत्ता को और बढ़ाया। इस अवसर पर शिक्षक/शिक्षिका रितु सूर्यवंशी, गौरव सिंह, रोहित कोरी, प्रियंका, ऋतेश्वरी पटेल, कल्पना यादव, एवं छात्र-छात्राएं- लोकेश तुषार, जानी, गौतम, हिमांशु, सुमित, कमल, पंकज, प्रियांशु साव, प्रियांशु चंद्र, प्रेम, सूरज, स्नेहा, सूफिया, नेहा, राजू, ब्रिजेश, आनंद, प्रिया सिदार, प्रिया विश्वास, फिजा, प्रियंका, प्रज्ञा, निशा, अतुल, नितेश, बुद्धेश्वर, सुजल, प्रेम, निखिल, लोकेश, कुलदीप, गुलभा, अजय, आर्यन, धौर्य, समीर, राजीव, पूर्वी, प्रियंका, यामिनि, नीलम, उर्मिला, शारदा, राधिका आदि उपस्थित थे।




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

## छत्तीसगढ़ की रणजी ट्राफी टीम में सहबान का चयन

**जांजगीर-चांपा।** जिले के क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशी का बड़ा अवसर आया है। चांपा के क्रिकेटर सहबान खान का चयन छत्तीसगढ़ की रणजी ट्रॉफी टीम में हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे जिले में खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के बीच उत्साह और हर्ष का माहौल है।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर वीरेंद्र बहादुर सिंह ने सहबान को बधाई देते हुए कहा कि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। पूर्व में उनका चयन विजय हजारे ट्रॉफी और सीपीएल के लिए भी हो चुका है। इंटर-डिसट्रिक्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन के बाद सहबान को संभावित खिलाड़ियों की सूची में जगह मिली थी और हालिया अभ्यास मैचों में उनके उत्कृष्ट खेल के दम पर उन्हें रणजी टीम में स्थान मिला है। सहबान पुलिस विभाग में पदस्थ साबित खान के पुत्र हैं। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पद्मेश शर्मा ने जानकारी दी कि रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट की शुरुआत 15 अक्टूबर से हो रही है। शुरुआती दो मुकाबलों के लिए घोषित छत्तीसगढ़ टीम में सहबान खान को शामिल किया गया है। खुशी की बात यह भी है कि जिले के अन्य खिलाड़ी भी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में अंडर-19 टीम के संभावितों में आदित्य यादव को और अंडर-23 टीम में हर्ष राठौर को शामिल किया गया है। जिले के वरिष्ठ खिलाड़ी सत्यनारायण सोनी, विवेक सिसोदिया, राजेश राठौर, आशुतोष पांडे, दिनेश मेश्राम, आशीष यादव सहित पदाधिकारी और खिलाड़ियों ने सहबान के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि नई ऊर्जा और प्रेरणा देगी।

## खबर संक्षेप

### अंबेडकर उद्यान पोंडी दल्हा में लगाए गए पौधे



**अकलतरा।** पंचायत प्रतिनिधियों , महिला समूह एवं कोचिंग सेंटर के बच्चों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम अम्बेडकर उद्यान मे रखा गया था जिसमे सभी ने मिलकर 50 पौधे लगाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच जितेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे पर्यावरण के सुरक्षा एवं संवर्धन के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ लगाया जाना बेहद जरूरी है। पर्यावरण प्रदूषण के चलते मानवता के समक्ष भीषण संकटों का सामना करने की स्थिति निर्मित हो चुकी है। पेड़ हमें जीवन दाहिनी प्राण वायु के साथ-साथ अनेक अनमोल उपहार हमें प्रदान करते हैं। पौधारोपण विश्व के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। पौधरोपण कार्यक्रम मे मुख्यरूप से जितेन्द्र सिंह सरपंच, विनोद आदिले उपसरपंच प्रतिनिधी, राकेश टंडन पंच, संतोषी खरे, निःशुल्क कोचिंग सेंटर के संचालक अभिषेक भारद्वाज, सोनहर कुलगूरु, चंद्रप्रकाश डहरिया, कोचिंग सेंटर के बच्चे एवं महिला समूह के सभी सदस्य उपस्थित थे।


### सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष बने मधुकर



**पामगढ़।** ब्लॉक में सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष पद का निर्वाचन सम्पन्न हुआ, जिसमें पामगढ़ से अजय मधुकर दूसरी बार ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें मुख्य रूप से दिनेश तिवारी, देवेंद्र तिवारी निर्वाचन अधिकारी के रुप में उपस्थित रहे। साथ में छबी पटेल ,रविन्द्र राठौड़, आशीष सिंह ,हरिश गोपाल, लक्ष्मण रात्रे,दामोदर चौधरी,कृष्ण कुमार यादव, रमाकांत परौउहा, रुपेश सिंह, अमीत धिरही, रवि कमल,मनमोहन अनंत, कृष्ण कुमार साहू महेन्द्र दिव्य ,संजय महिपाल, कुंवर सिन्हा, रोहित कुमार साय, जोइधाराम ताम्र कार, रामकुमार देवांगन,लक्ष्मण दिनकर,चकराम भास्कर, सुखसागर सायतोण्डे,गनेशी बंजारे,यामिनी सिंहसर्वा, निलिमा सिहं, चंद्रिका पटेल, सहेतरिन देवांगन,पूनीबाई काठले,अनिता सुमन, अनिता सूर्यवंशी, शांति देवी जांगड़े आदि सैकड़ों की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

### नेटवर्क की समस्या से उपभोक्ता खासे परेशान

**बिर्रा।** बिर्रा में नेटवर्क की समस्या से मोबाइल उपभोक्ता खासे परेशान है। बताया जाता है कि जिओ सीम नेटवर्क का कवरेज बिजली गिरने के कारण खराब हो गया है। इसके चलते पिछले एक महीना से बिर्रा के शांति चौक मोहल्ला, डोंगिया मोहल्ला, साहू मोहल्ला ,बाजार चौक, दीवान मोहल्ला के जिओ का सिम चलाने वाले मोबाइल उपभोक्ताओं को खराब नेटवर्क के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आजकल 5जी के जमाना है। जिओ सिम चलाने वाले मोबाइल उपभोक्ता बहुत कीमती मोबाइल लिए हैं ताकि उनको नेटवर्क से संबंधित कोई भी प्रकार से समस्या न हो और आसानी से उनका इंटरनेट से संबंधित सभी कार्य आसानी से हो जाए। लेकिन जिओ सिम के उपभोक्ताओं को आजकल नेटवर्क की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आज कल लोग महंगी मोबाइल खरीद लिए है ताकि उनको नेटवर्क से संबंधित कोई भी प्रकार से समस्या न हो और आसानी से उनका इंटरनेट से संबंधित सभी कार्य आसानी से हो जाए, लेकिन जिओ सिम के उपभोक्ताओं को आजकल नेटवर्क की समस्या से जूझना पड़ रहा हैं। पढ़ाई, ऑनलाइन कामकाज, बैंकिंग सेवाएं, और यहां तक कि आपातकालीन संपर्क भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। अंचल में कई युवा ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन जिओ नेटवर्क की समस्या के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



नवरात्रि पर जगह-जगह हो रहा जगराता, अष्टमी पर आज होगी महागौरी की पूजा

# सप्तमी पर देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवरात्रि पर्व के सप्तमी पर जिले के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ टूट पड़ी। चंद्रहासिनी, अष्टभुजी, मां मनका दाई खोखरा, हरदी महामाया, केरा चण्डी सहित अन्य देवी स्थलों में लोगों की कतार सुबह से देर रात तक लगी रही।

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खोखरा स्थित मां मनकादाई मंदिर में सप्तमी को लोगों की भारी भीड़ रही। सोमवार 29 सितंबर को सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार दर्शन के लिए लगी रही तथा देर रात तक मंदिरों में माता जस गीत मांदरों की थाप के साथ गुंजती रही। नवरात्र के प्रथम दिन से रतजगा के साथ मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना की जा रही है। अंचल की मुख्यतः दुर्गा दाई, मड़वारानी, मनका दाई, त्रिपुर सुंदरी, महामाया, चन्द्रहासनी, बुढ़ी माई, सम्लेश्वरी देवी, डिंडेश्वरी देवी मंदिरों सहित क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में सुबह से दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में मत्था टेक मनोकामना की। जगह-जगह धार्मिक आयोजनों से नौ दिनों का वातावरण श्रद्धा एवं भक्ति से ओतप्रोत रहेगा। चंद्रपुर में चंद्रहासिनी मंदिर, बनारी में मां मनका दाई मंदिर, मदनपुरगढ़ में मनका माई, औराईकला में सती दाई, जांजगीर में देवी दाई, गायत्री मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ, काली मंदिर चंदनिया पारा, मां काली दरबार पुरानी बस्ती जांजगीर एवं शारदा, महमदपुर में मां महामाया, घाटाद्वारी में मां त्रिपुरसुंदरी, महंत में चण्डी दाई, हरदी में मां महामाया देवी सहित चांपा, शिरीष पाठ मंदिर डोंगाकोहरौद, नवागढ़, बलौदा, शिवरीनारायण, छपोरा, सिवनी नैला, बाराद्वार, अड़भार, तागा, बगड़बरी, सलखन, भडेसर, सारागांव के देवी मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किये गये, जहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।



मां मनकादाई मंदिर खोखरा में दर्शन करने लगी श्रद्धालुओं की कतार।

**केरा चंडी में हवन आज**-नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी पर मंगलवार 30 सितंबर को केरा चंडी मंदिर में हवन होगा।

## विधायक ने की मां मनका दाई की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना

नवरात्रि पर्व के अवसर पर छठवें दिवस जांजगीर चाम्पा विधायक व्यास कश्यप ने ग्राम खोखरा स्थित मां मनका दाई मंदिर के दरबार में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। विधायक ने मां मनका दाई के चरणों में नमन करते हुए प्रदेश की उन्नति, समृद्धि और जन-जन के सुख-शांति की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर समिति के सदस्यों, ग्रामीणों और उपस्थित श्रद्धालुओं को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विधायक व्यास कश्यप के स्वागत के लिए मां मनका दाई समिति ने माता रानी के दरबार में पहुंचकर पूरे श्रद्धा भाव से मां के नौ स्वरूपों का ध्यान किया और विधिवत पूजन में भाग लिया। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गुंजायमान हो उठा। विधायक ने ग्रामीणों के साथ मिलकर मातारानी की आराधना की और क्षेत्र के कल्याण के लिए प्रार्थना की। पूजन-अर्चन के बाद विधायक ने समिति के सदस्यों से भी मुलाकात की उन्होंने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है बल्कि शक्ति, संयम और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। विधायक व्यास कश्यप के स्वागत के लिए मां मनका दाई समिति से लालू थवाईत , टीकम थवाईत , टिल्लू देवांगन, मुनीराम आदित्य, अमित थवाईत, गजानंद थवाईत, ग्राम पंचायत खोखरा के उपसरपंच राजेश राठौर, सुनील राठौर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## अंचल में श्रद्धा पूर्वक मनाया जा रहा शक्ति उपासना का पर्व

**बिर्रा।** अंचल सहित ग्राम बिर्रा में शारदीय नवरात्रि का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। श्रद्धालु गण शक्ति की भक्ति में लगे हुए हैं। शक्ति उपासना की महापर्व शारदीय नवरात्रि क्षेत्र में बड़े ही उत्साह के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाया जा रहा है। मां चंडी मंदिर बिर्रा एवं अंचल के देवी मंदिरों में विश्व-जनकल्याण हेतु शारदीय क्वांर नवरात्रि का महापर्व 22 सितंबर सोमवार को घट स्थापना के साथ शुभारंभ हुआ है। समापन 1 अक्टूबर बुधवार को होगा। इस दौरान मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जा रहा है। आचार्य पं सुरेन्द्र कुमार दुबे सिलादेही हैं। शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व को लेकर जय मां चंडी विकास समिति बिर्रा एवं समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं। इसी तरह बिर्रा के अलावा क्षेत्र के गांवों में भी शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है। मंदिरों एवं दुर्गा पंडाल में माता रानी की दर्शन पाने के लिए श्रद्धालुओं का सुबह शाम भीड़ लगा रहता है।



## सिलादेही ग्राम में दुर्गा पूजा की धूम

**बिर्रा।** ग्राम सिलादेही में इस वर्ष नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा 10 स्थानों पर दुर्गा मां की भव्य प्रतिमाएं स्थापित कर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की जा रही है। पूरे गांव में भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिल रहा है। सड़कपारा, भाठापारा, शुक्लापारा, गढ़पारा, मौहाडीह, बाजार चौक, पुराना बाजार चौक, बजरंग चौक, कहरा पारा, सोनबरसा पारा मिला कर 10 स्थानों पर रही विधिवत पूजा अर्चनाहर पंडाल में विशेष सजावट, भजन-कीर्तन, आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामवासी बड़ी संख्या में सुबह और शाम मां दुर्गा के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। युवाओं की टीमों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जनसेवा के कार्यों का भी आयोजन किया जा रहा है।



## पहरिया में छह लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन



**बलौदा।** जनपद पंचायत बलौदा के अधिनस्थ मां अन्नधरीदाई के पावन धरा पहरिया में 6 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सी सी रोड निर्माण का भूमिपूजन विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने ग्रामवासियो पंचायत प्रतिनिधियों व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ किया। भूमिपूजन के पूर्व मां अन्नधरीदाई का दर्शन कर आशीर्वाद लिया उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि एक एक करके आपके सभी समस्या का निराकरण किया जायेगा। पूर्व कांग्रेस की सरकार ने बिजली बिल चार सौ युनिट तक आधा कर दिया था जिसे प्रदेश की भाजपा सरकार ने कम कर सौ युनिट कर दिया है जिससे बिल डेढ़ गुना बढ़ गया है। महिलाओ द्वारा मंच की मांग की गई जिस पर विधायक ने सहमति दी। इस अवसर पर सरपंच रजनी विक्रात माथुर, कन्हैया राठौर पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदा ,सदन यादव अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, दिनेश मिरी, मार्कण्डेय साहू, कृष्णा केवट, सुरेन्द्र साहू, बनवासी बिंझवार, सहेत्तर केंवट, ईश्वरी साहू, पिताम्बर कुरे, महेत्तर, गोपी लहरें, जानकी बाई, रूखमणी, सरोजनी,गौरी, शिवकुमारी, प्रेम बाई,वृहस्पत सिंह, दाऊराम साहू उपस्थित थे।

## बताई गई वैदिक गणित की महत्ता व उपयोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के द्वारा आयोजित प्रांतीय गणित मेला का समापन नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर

- गणित मेला के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर किया गया सम्मानित

माध्यमिक विद्यालय में डॉक्टर रामायण सिंह विकासखंड चिकित्सा अधिकारी बलौदा के मुख्य आतिथ्य, दीनदयाल अग्रवाल पूर्व डायरेक्टर डी ए व्ही लायंस स्कूल अकलतरा की अध्यक्षता, देवेंद्र राव देशमुख अखिल भारतीय वैदिक प्रमुख, बिहारी लाल ताम्रकार संयोजक प्रांतीय गणित मेला, ओम प्रकाश साहू गुरु कोषाध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा, गोविंद चौधरी वैदिक गणित प्रमुख विद्या भारती मध्य क्षेत्र एवं छत्तीसगढ़ प्रांत की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती, ॐ, भारत माता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

स्वागत भाषण प्राचार्य केशव कुमार कौशिक द्वारा दिया गया । प्रतिवेदन गोविंद चौधरी वैदिक गणित प्रांत प्रमुख ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर रामायण सिंह ने वैदिक गणित की महत्ता और आज के समय में उपयोगिता बतलाते हुए विद्यार्थियों को इसका योग्य प्रकार से अभ्यास करते रहने का आग्रह किया साथ ही विजेता छात्रों को आगामी प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल ने कहा कि छात्रों को इस प्रकार के गतिविधियों में सक्रियता से भाग लेना चाहिए। इससे छात्रों का ज्ञान बढने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व में भी निखार आता है। मंचस्थ अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किये विद्यार्थीयों को मोमेंटो, प्रमाण पत्र देते हुए पुरस्कृत किया गया। सर्वे भवंतु सुखिनः मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं शिक्षक गण बड़ी संख्या में शामिल हुए।




कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

## कक्षा 9वीं व 11वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होगी एन्ट्री परीक्षा

**हसौद।** जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए लैटरल एंट्री परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए 7 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन जमा किए जा सकते है। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु लैटरल एंट्री परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। विद्यालय प्रशासन ने जानकारी दी है कि आवेदन की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर निर्धारित की गई है। विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्र जिनकी जन्मतिथि 01 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के बीच है, आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्र जिनकी जन्मतिथि 1 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच है, आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन हेतु अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट https:// cbseitms. nic.in/2025/ nvsix9/ (कक्षा 9वीं) एवं https://cbsei tms.nic. in/2025/nvsxi_11/ (कक्षा 11वीं) पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन अवश्य कर लें।

## किसान स्कूल में 12 प्रकार की जंगली मिर्च को किया संरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

किसी भी फ़सल के अनुसन्धान और संरक्षण तथा उनके संवर्धन में करोड़ों रूपये शासन का खर्च होता है लेकिन जिले के एक छोटा सा गांव बहेराडीह में रहने वाले युवा कृषक दीनदयाल यादव ने सरकार के बिना किसी सहयोग लिए

- मिर्च में तीखापन को लेकर 14 साल से युवा कृषक कर रहा अनुसन्धान

विगत 14 साल से 12 प्रकार की देशी जंगली मिर्च को वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल परिसर में संरक्षित करके मिर्च में विद्यमान तीखापन को लेकर अनुसन्धान कर रहे हैं।

किसान स्कूल के संचालक युवा किसान दीनदयाल यादव ने बताया कि वे विगत 14 साल से छत्तीसगढ़ की 36 प्रमुख भाजियो के साथ ही 12 प्रकार की देशी व जंगली मिर्च पर अनुसन्धान कर रहे हैं। मिर्च में विद्यमान तीखापन की मात्रा तथा मिर्च में पाई जाने वाली कैपसेसिन नामक रासायनिक तत्व का कम, मध्यम व अधिक का कारण जैविक खाद और रासायनिक खाद का इस्तेमाल करके अनुसन्धान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके इस अनुसन्धान में कम से तीन साल अभी और लग सकता है। अनुसन्धान में मिर्च का सभी प्रकार की गुण, दोष, विशेषता, उत्पादन, बीमारी, प्रति पेड़ की ऊंचाई, जीवनकाल, फल की साइज, वजन, बीज की मात्रा तथा अन्य कई महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर अनुसन्धान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देशी बीजो के संरक्षण, संवर्धन तथा अनुसन्धान के लिए उन्हें अब क्रृषि विज्ञान केंद्र, उद्यान विभाग व नाबार्ड के सहयोग लेने का निर्णय लिया है।



### की जाती है कार्रवाई

जिले के बहेराडीह गांव में स्थित देश का पहला किसान स्कूल में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक व युवा किसान दीनदयाल यादव के द्वारा लम्बे समय से देशी बीजो का संरक्षण, संवर्धन और अनुसन्धान के काम में क्रृषि विज्ञान केंद्र द्वारा शासन प्रशासन के मार्गदर्शन में हर संभव मदद किया जायेगा।

**-डॉ के डी महंत,**
वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख,
केविके जांजगीर।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखा मन की बात का प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देख। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगडे ने कहा कि भाजपा का हर एक कार्यकर्ता सेवा कार्य करके सेवा पखवाड़ा मना रहा हैं ।

भाजपा नगर मंडल अकलतरा द्वारा लगातार किए जा रहे सेवा कार्यो वृक्षारोपण, शासकीय विद्यालयों मे सामाग्री वितरण, वृद्ध जन सम्मान, दिव्यांग जन सम्मान, स्वचछता अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर, विद्यालयो मे चित्रकला प्रतियोगिता आदि की प्रशंसा की और उत्साहवर्धन किया। मोदी जी के मन की बात अनूरूप स्वदेशी सामाग्री का उपयोग करने और वोकल फार लोकल होने की बात कही। मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देखकर देशवासियो को मोदी जी से देश-समाज के प्रेरणा दायी कार्यो और नागरिकों के बारे मे जानकारी मिलती है। कार्यक्रम को बीएमओ महेंद्र सोनी, मन की बात कार्यक्रम के मंडल प्रभारी पुरषोत्तम नामदेव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम मे गोवर्धन साहू, सुमित सिंह चंदेल, दिलहरण सिंह कौशिक, सत्यभामा वैष्णव, अनिल दुबे, धनाराम कश्यप, पार्षद कमलेश वैष्णव, दिनेश दास, पिंटू बरेठ, लक्ष्मी निर्मलकर, संतोष निर्मलकर, नयन भारती, प्रकाश बोरकर एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण सुनते भाजपा जिलाध्यक्ष एवं अन्य।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ग्रामीणों ने कराई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़-कोसला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत मंडल पामगढ़ के शक्ति केंद्र कोसला के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस शिविर में कोसला सहित भंवतरा, पेंड्री के सैंकड़ों ग्रामीण स्वास्थ्य परीक्षण में शामिल हुए जहां सभी ने अपना-अपना ब्लडप्रेशर, शुगर इत्यादि जांच कराए तथा जरुरत मंदों को स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा निशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, भाजपा मंडल पामगढ़ अध्यक्ष यशवंत साहू, जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्यास वर्मा, महामंत्री सुधीर तिवारी, मनोहर शास्त्री,मानेश जांगडे,सुभाष पटेल, संतोषी साहू,महावीर पटेल, ममता देवकुमार साहू, फिरत राम कुर्मी, संतोष कुमार तिवारी, राहुल सिंह चंदेल, नीमा तिवारी, बसंत कुमार साहू, अशोक कुमार कश्यप, गौरव तिवारी, अवधेश कुमार साहू, राम किशुन कश्यप नारायण पाटले, लक्ष्मी कांत गौरहा, रमेश कुमार कश्यप पंच, बलदाऊ कश्यप, चंदराम कश्यप, मयंक कश्यप, चौथराम बघेल एवं स्वास्थ्य अधिकारी लक्ष्मी कश्यप, डीपी सिदार, रामकुमार दिनकर, चंद्रकला शर्मा, सुभाष कर्ष, असीम थवाईत, अमेरिका पटेल, जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकताओं एवं स्वास्थ्य कर्मियों, मितानिन का योगदान रहा।



उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते अतिथि।







